tors and taking measures for the revival of industrial units in the State. In pursuance of this, the State Government has been asked to prepare appropriate proposals in this regard.

दिल्ली में मिट्टी के तेल के डिपुओं द्वारा अनियमितताएं बरता जाना

4054. **श्री गया सिंह** : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि ;

(क) क्या एम कृष्ण पुरम थानांतर्गत नानक पुरा पुलिस चौकी के पुलिस अधिकारियों को इस बात की जानकारी है कि : "जैन कैरोसिन आयल डिपो", "गुप्ता कैरोसिन आयल डिपो", और "रितु कैरोसिन आयल डिपो", पर धड़ल्ले से मिट्टी के तेल की कालाबाजारी चल रही है ;

(ख) क्या उक्त दुकानदार गांव के स्थानीय परचून दुकानदारों के अतिरिक्त सैकड़ों लीटर तेल टैंकरों में भरकर अन्य स्थानों पर कालाबाजारी के लिये भेज रहे हैं ;

(ग) क्या "जैन कैरोसीन आयल डिपो" का मालिक अपनी एक अन्य परचून की दुकान—अग्रवाल स्टोर, के लिए प्रतिदिन दो बैरल मिट्टी का तेल अपने घर में रख लेता है और वह इसे उक्त स्टोर के माध्यम से परचून के फुटकर खरीददारों को छह रुपए प्रति लीटर की दर से ब्लैक कर रहा है ;

(घ) क्या यह सच है कि स्थानीय पुलिस ने कुछ दुकानदारों को कालाबाजारी के लिए मिट्टी का तेल ले जाते हुए वाहन सहित पकड़ा था, जिन्हें बिना कोई कार्यवाही किए बाद में छोड़ दिया गया ;

(ङ) क्या स्थानीय पुलिस ने कभी स्थानीय गांव अथवा कालोनी के परचून दुकानदारों को कालाबाजारी के लिए मिट्टी के तेल का स्टाक रखने और उसे ब्लैक में बेचने के लिए गिरफ्तार किया है ; और

(च) क्या उक्त दुकानदारों और परचून दुकानदारों के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी ; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी० एम० सईद) : (क) दिल्ली पुलिस तथा दिल्ली प्रशासन में खाद्य आपूर्ति तथा उपभोक्ता मामलों के आयुक्त ने सूचित किया है कि उनको ऐसी कोई शिकायत नहीं मिली है ।

(ख) दिल्ली पुलिस अथवा दिल्ली प्रशासन में खाद्य आपूर्ति तथा उपभोक्ता मामलों के आयुक्त को ऐसी कोई घटना की कोई जानकारी नहीं है ।

(ग) दिल्ली प्रशासन में खाद्य आपूर्ति और उपभोक्ता मामलों के आयुक्त ने सूचित किया है कि अग्रवाल स्टोर्स नामक ऐसी कोई फुटकर विक्रेता की दुकान क्षेत्र में नहीं है ।

(घ) जी नहीं, श्रीमान् ।

(ङ) जी नहीं, श्रीमान् ।

(च) प्रश्न नहीं उठता ।

Removal of Illegal Encroachments

4055. **SHRI B. K. HARIPRASAD** : Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state :

(a) whether it is fact that Delhi Administration had launched a drive for removal of illegal encroachments/occupations of public land footpath in Minto Road area ;

(b) if so, whether any such encroachments at Mirdard Road/Minto Road adjoining Post Office, Mata Sundari Lane were not removed and if so, the reasons therefor ; and

(c) whether Government would ensure removal of public encroachment of Government land by coal/fire-wood depot in the area, posting health hazard to residents of the area and also threat to their lives/properties ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI P. M. SAYEED) : (a) The Municipal Corporation of Delhi has reported that it has been conducting raids from time to time for the removal of encroachments from public land/footpath in the Minto Road area.

(b) and (c) The Municipal Corporation of Delhi has further reported that 4 fuel and coal depots belonging to erstwhile displaced persons, have been functioning at Mirdard Road for many years now. They have been paying nominal fee/charges for the land which belongs to the Land and Development Office. Since they have been encroached upon adjacent land they served with notices by the Land & Development Officer for damages & eviction. The cases are in progress.

Promotions in Delhi Police

4056. **SHRI N. E. BALARAM** :
SHRI CHATURANAN MISHRA :
Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state :

(a) whether Government have frozen all promotions of Delhi Police personnel upto the rank of Sub-Inspector ; if so, the reasons therefor ;

(b) whether even those who have completed their refresher courses are not being given promotion for the last one year ; and

(c) whether it is a fact that Delhi Police personnel are not getting ration money though this was promised long back?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI P. M. SAYEED) : (a) No, Sir.